दैनिक भास्कर (पृष्ठ 2) शिमला भास्कर

अशोक शर्मा को अध्यक्ष व रणवीर वर्मा को महासचिव की जिम्मेदारी

पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया, शिमला चैप्टर ने गठित की कार्यकारिणी

एजुकेशन रिपोर्टर | शिमला

पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया, शिमला चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। इसमें अध्यक्ष अशोक शर्मा व महासचिव डॉ. रणवीर वर्मा को चुना गया है। रविवार को शिमला में जनरल हाउस की बैठक आयोजित की गई। चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य शिव सिंह चौहान इस चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर थे।

इससे पहले अशोक शर्मा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में जनसंपर्क अधिकारी थे तथा वर्तमान में शिमला चैप्टर के महासचिव थे। डॉ. रणवीर वर्मा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी हैं तथा वे शिमला चैप्टर के वर्ष 2006 से लगातार सदस्य रहे। इस चुनाव में शैलेंद्र कंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगमोहन शर्मा तथा अनुराग पराशर को उपाध्यक्ष चुना गया।

दीपराम बने कोषाध्यक्ष

इसके साथ ही दीपराम शर्मा को कोषाध्यक्ष, राहुल लोदेटा को प्रेस सचिव तथा पन्ना लाल शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया। ये चुनाव सर्वसम्मति से हुए। इससे पहले बैठक में वर्ष 2015-16 का लेखा-जोखा सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी शीघ्र ही शिमला चैप्टर द्वारा वर्ष 2016 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी।

दिव्य हिमाचल दिनांक 14/03/16

अशोक शर्मा को शिमला चैप्टर की कमान

■ सिटी रिपोर्टर, शिमला

पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया, शिमला चैप्टर की रविवार को शिमला में जनरल हाउस की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शिमला चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य शिव सिंह चौहान इस चुनाव के रिटर्निंग आफिसर थे।

अशोक शर्मा को अध्यक्ष तथा डा. रणवीर वर्मा को महासचिव चुना गया। इससे पूर्व अशोक शर्मा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में जनसंपर्क अधिकारी थे तथा वर्तमान में शिमला चैप्टर के महासचिव थे। डा. रणवीर वर्मा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी हैं तथा वह शिमला चैप्टर के वर्ष 2006 से लगातार सदस्य हैं।

इस चुनाव में शैलेंद्र कवंर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगमोहन शर्मा तथा अनुराग पराशर दोनों को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही दीप राम शर्मा को कोषाध्यक्ष, राहुल लोदेटा को प्रेस सचिव तथा पन्ना लाल शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया। इससे पूर्व बैठक में वर्ष 2015-16 का लेखा-जोखा सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी शीघ्र ही शिमला चैप्टर द्वारा वर्ष 2016 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी।

अमर उजाला (पृष्ठ 5) दिनांक 14/03/16

अशोक शर्मा को सौंपी सोसाइटी की कमान

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया शिमला चैप्टर का रविवार को जनरल हाउस हुआ। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य शिव सिंह चौहान इस चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर तैनात किए गए थे।

■ पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया शिमला चैप्टर का जनरल हाउस

बैठक में अशोक शर्मा को अध्यक्ष और डॉ. रणवीर वर्मा को महासचिव चुना गया। अशोक शर्मा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में जन संपर्क अधिकारी के रूम में सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. रणवीर वर्मा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जन संपर्क अधिकारी हैं। चुनाव में शैलेंद्र कंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगमोहन शर्मा तथा अनुराग पराशर को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त दीपराम शर्मा को कोषाध्यक्ष, राहुल लोदेटा को प्रेस सचिव तथा पन्नालाल शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया। बैठक के दौरान वर्ष 2015-16 का लेखा-जोखा रखा गया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, शिमला चैप्टर के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी शीघ्र ही शिमला चैप्टर की ओर से वर्ष 2016 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में भिन्न पदों पर सेवाएं दे चुके स्वर्गीय रामदयाल नीरज, सत्येन शर्मा तथा डीआर गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

, :DigitalEdition

मला सवेरा टाइम्स | 3

dainiksavera.com

न्यूज गैलरी

अशोक शर्मा अध्यक्ष, डा. रणवीर महासचिव नियुक्त

शिमला (ब्यूरो) : अशोक शर्मा पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के शिमला चैप्टर के अध्यक्ष होंगे। रविवार को सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य शिव सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुए चुनाव में डा. रणवीर वर्मा को महासचिव चुना गया। इनके अलावा शैलेंद्र कंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगमोहन शर्मा व अनुराग पराशर को उपाध्यक्ष, दीप राम शर्मा को कोषाध्यक्ष, राहुल लोदेटा को प्रेस सचिव तथा पन्ना लाल को संयुक्त सचिव चुना गया। सोसायटी की नई कार्यकारिणी अपना साल 2016 का गतिविधियों का कलैंडर जल्द जारी करेगी।

पंजाब केसरी (पृष्ठ 2) दिनांक 15/03/16

अशोक शर्मा बने प्रधान

शिमला, 14 मार्च (ब्यूरो) : पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया शिमला चैप्टरं द्वारा जनरल हाऊस का आयोजन किया गया। इस हाऊस में शिमला चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जनरल हाऊस के दौरान अशोक शर्मा को अध्यक्ष तथा डा. रणवीर वर्मा को महासचिव चुना गया। इससे पूर्व अशोक शर्मा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में जनसंपर्क अधिकारी थे तथा वर्तमान में शिमला चैप्टर के महासचिव थे। डा. रणवीर वर्मा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी हैं तथा वह शिमला चैप्टर के वर्ष 2006 से लगातार सदस्य रहे हैं। इस चुनाव में शैलेंद्र कंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा जगमोहन शर्मा व अनुराग पराशर दोनों को उपाध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही दीप राम शर्मा को कोषाध्यक्ष, राहुल लोदेटा को प्रैस सचिव तथा पन्ना लाल शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया। यह चुनाव सर्वसमति से हुए।